संक्षिप्त

साधारण सभा की बैठक आयोजित

रूपवास। पंचायत समिति रूपवास में आज साधारण सभा की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता प्रधान नीतू सिंह ने की। बैठक में विकास कार्यों की प्रगति की समीक्षा की गई, जिसमें कई कार्यों के समय पर पूर्ण न होने पर प्रधान ने गहरी नाराजगी जताई। विकास कार्यों में लापरवाही बरतने पर प्रधान नीतू सिंह ने विकास अधिकारी एवं संबंधित कर्मचारियों को कड़ी फटकार लगाई। कार्यों में हो रही देरी को लेकर सरपंचों में भी आक्रोश देखने को मिला। प्रधान ने विकास अधिकारी को नोटिस जारी करते हुए सात दिन के भीतर जवाब प्रस्तुत करने के निर्देश दिए तथा पंचायतों में सभी विकास कार्य समयबद्ध रूप से पूर्ण करने के लिए पाबंद किया। बैठक में किसानों के हितों को लेकर भी अहम निर्णय लिए गए। प्रधान ने बिजली विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि फसलों के लिए किसानों को पर्याप्त समय तक बिजली आपूर्ति सुनिश्चित की जाए। साथ ही चंबल विभाग को क्षेत्र में पानी की सुचारू व्यवस्था बनाए रखने के निर्देश दिए गए। मौसमी बीमारियों की रोकथाम के लिए चिकित्सा विभाग को भी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने को कहा गया।

शहर में सीवरेज व्यवस्था फेल

हिण्डौन सिटी, (निसं)। शहर में सीवरेज व्यवस्था के हालात दिन-ब-दिन बदतर होते जा रहे हैं। सीवरेज सिस्टम पूरी तरह फैल हो चुका है, जिससे आमजन को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। इस समस्या को लेकर भाजपा मण्डल अध्यक्ष बबली चतुर्वेदी ने मुख्य मंत्री को पत्र भेजा है। आरोप लगाया है कि सीवरेज कार्य से जुड़े ठेकेदारों और जिम्मेदार अधिकारियों की मिलीभगत के चलते राज्य सरकार के करोड़ों रुपये धरातल पर दिखने के बजाय भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ गए हैं। स्थानीय नागरिकों का कहना है कि सीवरेज लाइनों की खराब स्थिति, खुले गड्ढे और जगह-जगह उफनते नाले दुर्घटनाओं को न्योता दे रहे हैं। आए दिन शहर में हादसे हो रहे हैं, लेकिन बार-बार शिकायत करने के बावजूद न तो कोई अधिकारी सुनवाई कर रहा है और न ही ठेकेदारों द्वारा सुधार कार्य किया जा रहा है। नागरिकों ने आरोप लगाया कि कुछ भ्रष्ट अधिकारी और ठेकेदार जानबूझकर लापरवाही बरत रहे हैं, जिससे राज्य सरकार की छवि को नुकसान पहुंच रहा है। इसे सरकार को बदनाम करने की साजिश तक बताया जा रहा है।शहरवासियों ने मुख्यमंत्री से मांग की है कि हिंडौन शहर की सीवरेज व्यवस्था की उच्चस्तरीय एवं निष्पक्ष जांच कराई जाए।

गौ-माता का किया पूजन

गंगापुर सिटी, (निसं)। मकर सक्रांति के अवसर पर कान्हा गौशाला चकछाबा पर आयोजित कार्यक्रम के मुख्य अतिथी व्यापार मण्डल भारतीय उद्योग के राष्ट्रीय महामंत्री प्रहलाद मेठी विशिष्ठ अतिथी प्रोपर्टी डीलर बनी प्रजापत के सानिध्य गौ माताओं का विधिवत पूजन किया एवं हरा चारा व गुड़ खिलाकर कार्यक्रम की शुरूआत की। कान्हा गौ-शाला के सचिव नरेश सिंह मीना ने बताया कि अपने सम्बोधन में मुख्य अतिथी प्रहलाद चन्द मेठी ने कहा कि गौ-माता की सेवा से मानव का कल्याण होता है। सब गौ-माता के गौ मूत्र के सेवन करने से गम्भीर बीमारियों का निदान किया जाता है।

बच्चों को गर्म जर्सी बांटी

गंगापुर सिटी, (निसं)। सीता देवी सामाजिक संस्था ने आंगनबाड़ी केंद्रों के नन्हे बच्चों को सर्दी से बचाने के लिए गर्म जर्सी वितरित कीं। इसके साथ ही जरूरतमंद विधवा महिलाओं को भी कंबल प्रदान किए गए। यह कार्यक्रम बाल विकास परियोजना अधिकारी कार्यालय, पंचायत समिति परिसर में आयोजित किया गया। इसमें क्षेत्र के विभिन्न आंगनवाड़ी केंद्रों के बच्चों को आमंत्रित किया गया था। बच्चों को अल्पाहार कराया गया और फिर उन्हें गर्म कपड़े दिए गए।

पानी की बोतलें सीज़ की

सवाई माधोपुर, (निसं)। प्रदेश में चलाए जा रहे हैं शुद्ध आहार मिलावट परिवार अभियान के तहत आयुक्त खाद्य सुरक्षा एवं औषधि नियंत्रण राजस्थान सरकार डॉक्टर टी शुभमंगला के निर्देश पर एवं मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ अनिल जीवनी के आदेश अनुसार गुरुवार को रणथंबोर रोड स्थित रीको इंडस्ट्रियल एरिया में पैकेज ड्रिंकिंग वॉटर बुलफिंच की 1 लीटर व 500 एमएल की पॅकिंगों की लगभग 33000 लीटर की पानी की बोतले मौके पर सीज़ की गई ।

खाद्य सुरक्षा अधिकारी वेद प्रकाश पूर्विया और नितेश गौतम की टीम रीको इंडस्ट्रियल एरिया रणथंबोर रोड स्थित अर्बन लिविंग फूड प्रोडक्ट्स (ए यूनिट ऑफ़ जंगल हम होलीडेज प्राइवेट लिमिटेड)के यहां पहुंची ।यहां 1 लीटर व 500 एमएल की पैकिंग में पैकेज ड्रिंकिंग वॉटर सील किया गया।

सानिवि व पीएचड़ी अधिकारियों की कार्यशैली पर जताया रोष

■ पंचायत समिति की बैठक में ग्रामीण क्षेत्र में विकास कार्यों में आ रही समस्याओं पर की चर्चा

डीग/भरतपुर, (निसं)। पंचायत समिति डीग की साधारण सभा की बैठक गुरुवार को पंचायत समिति के सभागार में प्रधान शिखा प्रदीप कौरेर की अध्यक्षता में आयोजित की गई। जिसमें सभी सदस्यों द्वारा विकास कार्यों को लेकर सार्वजनिक निर्माण विभाग और जलदाय विभाग विभाग के अधिकारियों के लापरवाह और गैर जिम्मेदाराना रवैए को लेकर रोष व्यक्त किया गया।

बैठक में सदस्यों ने ग्रामीण क्षेत्र में पेयजल, विद्युत, सार्वजनिक निर्माण, रसद, चिकित्सा, महिला एवं बाल विकास, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता, पशुपालन, राजस्व, शिक्षा एवं पंचायतीराज आदि विभागो से सम्बन्धित योजनाओं के क्रियान्वयन में आ रही समस्याओं की जानकारी दी। जिस पर सभी विभागों की योजनाओं के क्रियान्वयन में आ रही समस्याओं के निस्तारण पर बिन्दुसार विचार विमर्श किया गया। बैठक में मनरेगा वित्तीय वर्ष 2026-27. राज्य वित्त आयोग एवं पन्द्रहवां वित्त आयोग की कार्य योजना के सम्बन्ध में विचार-विमर्श कर प्रस्ताव अनुमोदित किये गये साथ ही बी. जी राम जी योजना के क्रियान्वयन प्रसार-प्रसार एवं वित्तीय वर्ष 2026-27 का वार्षिक कार्य योजना का अनुमोदन किया गया।

बैठक में सदस्यों ने सार्वजनिक निर्माण विभाग द्वारा निर्माण कार्यों में देरी, अधूरी टेंडर प्रक्रिया तथा छोटे-छोटे कार्यों के प्रस्ताव के स्वीकृत न होने आदि को लेकर सार्वजनिक निर्माण विभाग के अधिकारियों के रवैए पर नाराजगी व्यक्त की गई।पेयजल के सम्बन्ध में कार्यरत पीएचईडी की विभागीय योजना चम्बल परियोजना एवं जे.जे.एम. योजना स्कीम लागू होने के उपरान्त भी क्षेत्र के लोगों को पेयजल आपूर्ति सही ढंग से नहीं होने पर भी सदन द्धारा रोष व्यक्त किया गया। सदन द्धारा विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि गर्मी का मौसम प्रारम्भ होने से पूर्व सभी गांवों में पेयजल आपूर्ति की व्यवस्था सुनिश्चित करें, तथा अन्य समस्त विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि साधारण सभा में सदस्यों द्वारा उठाये गये प्रस्तावों को स्वीकृति के लिए अपने विभाग को भिजवाया जाकर पालना रिपोर्ट से अवगत करावें। बैठक में उपखंड अधिकारी मुकेश चौधरी ,तहसीलदार जुगिता मीणा , जिला परिषद सदस्य मोहन सिंह गुर्जर, विकास अधिकारी ,सहायक विकास अधिकारी हरी शंकर, विशेष आमंत्रित सदस्य पूर्व प्रधान यदुवीर सिंह कौरेर आदि मौजूद रहे।

निर्माण कार्य पर निगम आयुक्त विश्नोई ने जताई नराजगी

■ आयुक्त ने ईंट, सीमेंट और बजरी का सैंपल लिया, निर्माण में कमी पाए जाने पर कार्रवाई करने के निर्देश दिए

भरतपुर, (निसं)। भरतपुर में जवाहर नगर स्थित मुख्यमंत्री निवास के पास में कब्रिस्तान के बगल में सड़क किनारे नाला बनाया जा रहा था। स्थानीय लोगों ने नाले में लग रहे निर्माण सामग्री पर सवाल उठाये तो, नगर निगम आयुक्त तुरंत टीम के साथ मौके पर पहुंचे। जिसके बाद ईंट, सीमेंट और बजरी का सैंपल लिया गया।

निर्माण में कमी पाए जाने पर आयुक्त ने कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं। पहले भी घटिया निर्माण की षिकायत हो चुकी है और कार्यवाही के बाद भी ठेकेदार पर कोई असर नहीं हुआ ठेकेदार की ओर से अभी भी घटिया निर्माण की शिकायतें मिले पर कार्यवाही की है।

नगर निगम आयुक्त श्रवण कुमार विश्नोई ने बताया कि जवाहर नगर स्थित कब्रिस्तान के बगल में एक नाले का निर्माण करवाया जा रहा है। स्थानीय लोगों ने निर्माण सामठी पर सवाल उठाये थे। जिसके बाद ईंटों का सैंपल लिया गया है। सीमेंट और बजरी के भी सैंपल लिए गए हैं।

यह ईंट फ्लाई एस की हैं। जिनका प्रयोग किया जाता है लेकिन, ईंटों की गुणवत्ता में कमी लग रही है। इसलिए इन्हें क्वालिटी कंट्रोल पर ले जाकर ईंटों की स्ट्रेंथ जांच की जाएगी। अगर निर्माण सामठी में कमी पाई गई तो, निर्माण को तोड़कर दोबारा बनाया जाएगा। अधिकारियों और ठेकेदार के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। इसलिए सीमेंट और बजरी के मिक्सर का सैंपल लिया गया है। जांच रिपोर्ट आने के बाद ही एक्शन लिया जाएगा।

रेलवे स्टेशन के पास नाले में मिला युवक का शव

गंगापुर सिटी, (निसं)। रेलवे स्टेशन क्षेत्र स्थित नसिया कॉलोनी के रैगर मोहल्ले के पास बुधवार रात नाले में एक व्यक्ति का शव मिलने से सनसनी फैल गई। घटना बुधवार रात करीब 8.30 बजे की बताई जा रही है। स्थानीय लोगों ने शव देखे जाने की सूचना पुलिस को दी।

कोतवाली थाना पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर गंगापुर सिटी के सरकारी अस्पताल की मॉर्च्युरी में रखवाया। कोतवाली थानाधिकारी करणसिंह ने बताया कि मृतक की पहचान 55 वर्षीय गणेश पुत्र भियो रैगर के रूप में हुई है, जो शफीपुरा, बामनवास का निवासी था। पुलिस जांच में पता चला कि गणेश पिछले कुछ समय से गंगापुर सिटी के रैगर मोहल्ले में किराए के मकान में रह रहा था। बुधवार शाम करीब 7 बजे गणेश अपनी पत्नी से कुछ देर में लौटने की बात कहकर घर से निकला था, लेकिन देर रात तक वापस नहीं लौटा। गुरुवार को मृतक की शिनाख्त होने के बाद मेडिकल बोर्ड द्वारा पोस्टमॉर्टम कराया गया। इसके बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया। मृतक गणेश लोन एजेंट के रूप में कमीशन पर काम करता था। पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है। मौत के कारणों का खुलासा पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट आने के बाद ही हो सकेगा।

जिला कलक्टर का किया सम्मान

भरतपुर, (निसं)। अखिल भारतीय गुर्जर महासभा के पदाधिकारियों द्वारा भरतपुर जिला कलक्टर कमर उल जमान चौधरी का साफा बांधकर, प्रतीक चिंह व श्रीफल देकर सम्मान किया।

राजेश पायलेट गुर्जर छात्रावास राजेन्द्र नगर भरतपुर पर राजवीर घसौला की अध्यक्षता में समाज की एक बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें गुर्जर समाज की कुरीतियों व फिजूलखर्चा एवं शिक्षा पर चर्चा की गई जिस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि केसरी सिंह पाण्डेका थे व गुर्जर समाज के सभी पदाधिकारी व गणमान्य लोग उपस्थित थे। कार्यक्रम के मुख्य रूप से शिक्षा को गांव-गांव तहसील स्तर व शहर भरतपुर पहुँचने के लिए एक-एक गांव में शिक्षा नवज्योति के नाम से कमेटी बनाई जायेगी।

प्रतियोगिता में काव्या प्रथम

गंगापुर सिटी, (निसं)। स्वामी विवेकानंद राजकीय मॉडल स्कूल डिवस्या में व्यवसायिक शिक्षा के तहत स्किल एग्जीबिशन कॉम्पिटीशन का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम प्रधानाचार्य भगवान सहाय गुप्ता के निर्देशन में विद्यालय परिसर में हुआ।

प्रतियोगिता का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों में कौशल विकास को बढ़ावा देना और व्यवसायिक शिक्षा के प्रति उनकी रुचि बढ़ाना था। मीडिया प्रभारी पुखराज मीना ने बताया कि इस प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने विभिन्न कौशल आधारित मॉडल, प्रोजेक्ट और नवाचार प्रस्तुत किए। प्रदर्शन के आधार पर काव्या उपाध्याय ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। इच्छा गुर्जर और पीसी ने संयुक्त रूप से द्वितीय स्थान हासिल किया, जबकि सिद्धि शर्मा, पारुल बैरवा और गरिमा शर्मा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। कौशल मित्र गौरीशंकर शुक्ला के अनुसार, प्रतियोगिता में केशवदास गुप्ता, दिनेश कुमार मीणा और मोहम्मद आसिफ खान ने निर्णायक की भूमिका निभाई। निर्णायकों ने विद्यार्थियों के कौशल, प्रस्तुति और नवाचार की सराहना की। प्रथम स्थान प्राप्त करने वाली छात्रा अब सवाई माधोपुर में आयोजित होने वाली जिला स्तरीय प्रतियोगिता में भाग लेगी। कार्यक्रम के समापन पर प्रधानाचार्य ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि वर्तमान समय में व्यावसायिक शिक्षा रोजगार के नए अवसर प्रदान कर रही है।

सार-समाचार

फर्जकारी करने व सरकार की राशि को चूना लगाने का मामला

करौली। यहां की नगर परिषद की पूर्व सभापति रशीदा खातून के पुत्र अमीनुद्दीन खान सहित तीन अन्य के खिलाफ फर्जकारी करने और सरकार की राशि को चूना लगाने का मामला प्रकाश में आया। कोतवाली पर आरटीआई कार्यकर्ता अशोक पाठक ने नगर परिषद की पूर्व सभापति के पुत्र अमीनुद्दीन खान सहित अब्दुल गफ्फार अब्दुल जब्बार अब्दुल वाहिद के खिलाफ फर्जकारी करने और निशुल्क फ्री होल्ड पट्टे जारी करवा कर राजकोष को क्षित कारित करने आदि का मुकदमा दर्द करते हुए खुलासा किया है कि कस्बा करौली में नदी गेट बाहर सिंचाई विभाग की जमीन स्थित है जो पांचना बांध क्षेत्र में आती है उक्त जमीन में करीब दो रिया ऐसी भूखंड पर अब्दुल गफ्फार पुत्र गफूर मुसलमान निवासी नदी गेट करौली पाटौर पोस मकान में रह रहा था जो पांचना बांध डूब क्षेत्र के अंतर्गत आती थी इसलिए तत्कालीन भूमि अब अधिकारी उप जिला कलेक्टर द्वारा पांचना बांध क्षेत्र में आने वाले पूरे क्षेत्र का मुआवजा देकर उक्त पूरी जमीन और उसमें स्थित भूखंडों को सिंचाई विभाग द्वारा कब्जे में ले लिया और अब्दुल गफ्फार ने मुआवजा राशि प्राप्त कर ली इस प्रकार अब्दुल गफ्फार अब्दुल बासिद खान तथा तत्कालीन विधि सलाहकार इकरामुद्दीन जो की अमीनुद्दीन का रिश्ते में खास साला है उन्होंने मुकदमा में खुलासा किया की इन सभी ने आपस में साजिश कर सिंचाई विभाग की पांचना बांध डूब क्षेत्र की जमीन के फर्जी दस्तावेज वह फर्जी शपथ पत्र तैयार करवा कर नगर परिषद करौली के कर्मचारियों पर दबाव बनाकर स्वयं सभापति की हैसियत से अमीनुद्दीन ने दो फर्जी पट्टे जारी करवा दिए उन्होंने बताया कि इस प्रकार फर्ज कारी कर राजकोष को छती कारित की इसके अलावा अपने सभापति कल में इंदिरा रसोई का संचालन ऐसी फर्जी पट्टे के मकान में इंदिरा रसोई का संचालन करवा कर अपने रिश्तेदारों को लाखों रुपए का अनुचित लाभ पहुंचा कर अपराध किया है इधर थाना अधिकारी ने मुकदमा दर्ज कर अनुसंधान जारी किया।

रेल कर्मचारियों ने किया प्रदर्शन

गंगापुर सिटी, (निसं)। वेस्ट सेंट्रल रेलवे मजदूर संघ ने वर्किंग बीट से छेड़छाड़ के विरोध में प्रदर्शन किया। बुधवार को लॉबी परिसर में बड़ी संख्या में रेल कर्मचारी एकत्र हुए और प्रशासन के एकतरफा निर्णय के खिलाफ नारेबाजी की। इस दौरान केंद्रीय सदस्य पीसी मीणा ने कर्मचारियों को संबोधित करते हुए कहा कि प्रशासन ट्रेड यूनियन से चर्चा किए बिना मनमाने फैसले ले रहा है। उन्होंने इन फैसलों को कर्मचारियों के हितों के खिलाफ बताया। मीणा ने चेतावनी दी कि यदि वर्किंग बीट से संबंधित निर्णय जल्द वापस नहीं लिया गया, तो मजदूर संघ भूख हड़ताल और आमरण अनशन जैसे कड़े कदम उठाने को मजबूर होगा। उन्होंने कहा कि आंदोलन को और व्यापक रूप दिया जाएगा, जिसकी पूरी जिम्मेदारी प्रशासन की होगी। लॉबी शाखा सचिव बीएस चौहान और रनिंग स्टाफ एसोसिएशन के केपी सिंह ने भी कर्मचारियों को संबोधित किया। उन्होंने रनिंग स्टाफ की एकजुटता पर जोर देते हुए कहा कि यदि समस्या का समाधान शीघ्र नहीं हुआ, तो कर्मचारी आर-पार की लड़ाई लड़ने के लिए तैयार हैं। प्रदर्शन में शाखा अध्यक्ष आरडी मीणा, भंवर सिंह कठेरिया, रविशंकर उपाध्याय, नीरज किशोर गुप्ता, अतर सिंह मीणा, सत्येंद्र यादव, मनीष कुमार शर्मा, रविंद्र रोटावल, जितेंद्र कुमार धाकड़, धीर सिंह मीणा, जयराम सिंह गुर्जर, नरेश कुमार मीणा, महेश चंद मीणा, हरीश कुमार, लोकेश कुमार मीणा, जितेंद्र शर्मा सहित सैकड़ों रेल कर्मचारी मौजूद रहे।

टेंट गोदाम से हुई चोरी का खुलासा

गंगापुर सिटी, (निसं)। पुलिस ने चक छावा गांव में टेंट गोदाम से हुई चोरी का खुलासा कर दिया है। इस मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया गया है, जबकि एक नाबालिग को डिटेन किया गया है। पुलिस ने चोरी की गई दो डीजे मशीन और 16 एलईडी लाइट सहित अन्य सामान बरामद किया है। यह घटना 1 जनवरी की रात को हुई थी। सुनील कुमार निवासी जाट बड़ौदा के टेंट गोदाम का ताला तोड़कर अज्ञात चोर डीजे मशीन, एलईडी लाइट, पानी की मोटर, तांबे के तार और माइक सहित कई सामान चुरा ले गए थे।

आरटीओ कार्यालय में सेना दिवस पर शहीदों को श्रद्धांजलि दी

भरतपुर, (निसं)। क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी कार्यालय भरतपुर में 76 वे सेना दिवस के उपलक्ष्य में शहीदों को श्रद्धांजली सभा का आयोजन किया गया इस मौके पर क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी इंदू मीणा ने सरस्वती माता के फोटो पर माल्यार्पण किया और क्षेत्रीय उप परिवहन अधिकारी अभय मुद्गल जी ने सरस्वती माता के चित्र के सामने दीपक जलाकर कार्यक्रम की शुरुआत की।

पूर्व सैनिकों की तरफ से वेटरन इंडिया के जिला अध्यक्ष विनोद कुमार चतुर्वेदी ने मंच का संचालन करते हुए बताया कि थल सेना दिवस की शुरुआत 1895 में हुई थी किंतु जब 15 अगस्त 1947 में देश आजाद हुआ तो उसके दो साल बाद 15 जनवरी 1949 को पहले भारतीय जरनल के एम करिअप्पा भारतीय सेना के प्रथम चीफ ऑफ दा आर्मी स्टाफ बने । उससे पहले ब्रिटिश मूल के ही सेनाध्यक्ष होते थे । उसी उपलक्ष्य में सेना दिवस मनाया जाता है । इसी कड़ी में क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी ने बताया कि सैनिक कभी भी रिटायर नहीं होता जितनी जिम्मेदारी सेना में रहते हुए सैनिक की होती है उससे ज्यादा जिम्मेदारी रिटायर्ड होने के बाद भी समाज के प्रति होती है।

क्षेत्रीय उप परिवहन अधिकारी ने बताया कि आप लोगों की सेवाएं पूरे राजस्थान में है और आप जिस लगन और मेहनत से कार्य करते हुए ईमानदारी का परिचय देना रहते हुए देते आए है। उसी प्रकार भिन्न भिन्न कार्यालयों में रहते हुए उम्दा कार्य करते रहे। जिला परिवहन अधिकारी राधेश्याम शर्मा ने सैनिकों को बधाई देते हुए कहा कि सैनिक अगर सीमा पर मुस्तैदी के साथ अपनी ड्यूटी नहीं दें तो कोई भी चौन से नहीं सो सकता । एम वी आई देवेंद्र सुंडा जी ने पूर्व सैनिकों को बधाई देते हुए एक सभ्य समाज में सैनिकों की सहभागिता पर प्रकाश डाला । इसी कड़ी में संभाग परिवहन अधिकारी इंदू मीणा जी सड़क सुरक्षा की उपस्थित सभी लोगों को शपथ दिलाई और गर परिवार और गांवों और शहरों में लोगों को जागरूक करने की बात की । कार्यक्रम के आखिर में उपस्थित सभी लोगों ने दो मिनट का मौन रखकर शहीदों को श्रद्धांजली दी। इस मौके पर पूर्व सैनिकों में बदन सिंह, ईश्वर सिंह, करतार सिंह, ओमवीर सिंह, रणवीर सिंह, राम सिंह, दानवीर सिंह, सूरजमल, गोपाल, अमरचंद, रामबाबू, चंदन सिंह, भरत, संतोषी सिंह, कृष्ण कुमार, मेघसिंह एवं परिवहन कार्यालय से प्रोठाामर बहादुर सिंह, मनीष शर्मा, रविकांत शर्मा, दरव सिंह कुमुद शर्मा, महक सिंह, द्धराजेश मीणा जितेंद्र शर्मा, गौरव गर्ग, दिलीप सिंह, वीरेंद्र धाकड़ कामिनी झा, कामिनी सिंह, भावना तोमर, श्रुति बंसल एवं समस्त स्टाफ उपस्थित रहे।

पूर्व मंत्री मीणा के जन्मदिन पर 163 यूनिट रक्तदान

करौली, (निसं)। पूर्व कैबिनेट मंत्री रमेश मीणा का जिले के महान संतों के सानिध्य में गुरुवार को यहां के करौली इन मैरिज गार्डन में 63 वां जन्मदिवस के अवसर पर रक्तदान शिविर का आयोजन हुआ जिसमें उनके समर्थकों ने भाग लेकर 163 यूनिट रक्तदान किया और उनके समर्थकों ने माला साफा पहनाकर जन्म दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी।

पूर्व कैबिनेट मंत्री सपोटरा के पूर्व विधायक रमेश मीणा का जनता के बीच आज भी जन आधार जिंदा है जो स्पष्ट में उनके जन्म दिवस पर देखा गया उनके जन्मदिवस के अवसर पर करौली जिला मुख्यालय स्थित करौली इन मैरिज गार्डन में रक्तदान शिविर का आयोजन हुआ जिसमें सपोटरा विधानसभा क्षेत्र से ही नहीं जिले भर से उनके समर्थकों ने रक्तदान शिविर में पहुंचकर पूर्व कैबिनेट मंत्री रमेश मीणा के जमकर जिंदाबाद के नारे लगाए वहीं उन्होंने उनका माला साफा पहनाकर भव्य स्वागत सम्मान किया गया प्रातः 10 बजे से शुरू हुआ रक्तदान शिविर में समर्थकों की लाइन लगी रही और शाम 5 बजे तक 163 समर्थकों ने मीणा का जन्मदिन धूमधाम से मनाया।

व्यावसायिक भवन निर्माण को तोड़ने की मांग

करौली। सट्टा किंग नव संवत्सर बाइक रैली पर पथराव एवं दंगे के मामले में मास्टरमाइंड आरोपी अमीनुद्दीन खान की गिरफ्तारी के बाद अब उसके नियम विरुद्ध व्यावसायिक भवन निर्माण को तोड़ने की मांग फिर जोरो से पकड़ने लगी है

अवैध निर्माण को लेकर गुरुवार को भाजपाइ जिला अध्यक्ष गोवर्धन सिंह जादौन के नेतृत्व कलेक्ट पहुंचे जहां उन्होंने जिला कलेक्टर को पत्र सौंप कर अवैध निर्माण को तोड़ने की मांग की गई इस मौके पर पूरे जिले से भाजपा के जिला अध्यक्ष गोवर्धन सिंह जादौन के अलावा भाजपा शहर मंडल अध्यक्ष आशुतोष तिवारी जिला महामंत्री सुरेश शुक्ला जिला महामंत्री दिलीप गुप्ता जिला उपाध्यक्ष योगेश शर्मा के अलावा नाड़ोती महावीर जी मंडल अध्यक्ष सहित भाजपा के दर्जनों वरिष्ठ पदाधिकारी और कार्यकर्ताओं ने भाग लेते हुए अवैध निर्माण को तोड़ने की मांग रखी भाजपा जिला अध्यक्ष जिला कलेक्टर से मामले में जल्द कार्रवाई करने की मांग रखी।

इस दौरान जिला कलेक्टर में करौली नगर परिषद द्वारा निर्माण को लेकर अब तक की गई कार्रवाई से अवगत कराया नगर परिषद द्वारा निर्माण को नियम विरुद्ध मानते हुए सीज करने की कार्रवाई की गई जिला कलेक्टर ने जल्दी ही नियम अनुसार कार्रवाई करने का आश्वासन दिया भाजपा जिला अध्यक्ष ने कहा कि आरोपी अमीनुद्दीन खान जो नगर परिषद की पूर्व सभापति रशीदा खातून के पुत्र हैं हमने अंबेडकर सर्किल स्थित महादेव मंदिर को तोड़कर वहां व्यावसायिक भवन का निर्माण कराया है उन्होंने आरोप लगाया कि यह ने केवल धार्मिक आस्था पर चोट है बल्कि प्रशासनिक आदेशों की खुली अवहेलना भी है इसलिए ऐसे आरोपी के भवन को शीघ्र तोड़ने की कार्रवाई की जाए

इससे पूर्व गत दिन अशोक पाठक आरटीआई कार्यकर्ता के साथ दर्जन भाजपा कार्यकर्ता और अन्य लोगों ने जिला कलेक्टर के चेंबर के सामने धरना प्रदर्शन करते हुए आरोपी अमीनुद्दीन खान के अवैध निर्माण को तोड़ने की मांग की। इसके अलावा आरटीआई कार्यकर्ता पाठक ने गत दिन प्रेस वार्ता के दौरान आरोपी के अवैध निर्माण को ध्वस्त नहीं करने का आरोप लगाते हुए कहा कि प्रशासन ने जांच में अवैध निर्माण पाया है उसके उपरांत भी अवैध निर्माण को नहीं तोड़ा जा रहा है उन्होंने 48 घंटे का समय देते हुए कहा की या तो प्रशासन अवैध निर्माण को ध्वज करें अन्यथा बड़ा आंदोलन किया जाएगा।

आम सूचना

विष्णु पुत्र रामचरण आयु 44 साल जाति गुर्जर निवासी डोंगरी, अमरगढ तहसील सपोटरा जिला करौली राज. 1. मैं शपथ पूर्वक बयान करता हूं कि मेरे पिताजी के नाम एक ट्रैक्टर जिसका मॉडल नेम MF 1035 DI है। उक्त टैक्टर का रजिस्ट्रेशन नम्बर RJ 34 RA 3857 व इंजन नम्बर S32 4C74809 एवं चैचिस नम्बर 559678 है। उक्त टैक्टर के मेरे पिताजी एकमात्र रजिस्डर्ट मालिक है। मेरे पिताजी रामचरण पुत्र कान्हा व मेरी माताजी कमोदा पत्नी रामचरण का स्वर्गवास हो चुका है। अब उक्त टैक्टर को मैं शपथग्रहिता अपने नाम व अपने भाई महेश चन्द गुर्जर पुत्र रामचरण के नाम ट्रांसफर करवाना चाहता हूं। किसी भी व्यक्ति को कोई आपत्ती हो वा अपनी आपत्ती जिला परिवहन कार्यालय में 7 दिवस में दर्ज करावें। जिस वास्ते मैं स्वयं का शपथ पत्र पेश कर रहा हूं।